Bharat Temples

करते हैं दादा, तेरा हर पल शुक्रिया खुशियां जो दी हैं, उसका भी शुक्रिया Bhajans Bhakti Songs

करते हैं दादा, तेरा हर पल शुक्रिया,
खुशियां जो दी हैं, उसका भी शुक्रिया ।
हम तेरा दिया खाएं, तेरा ही गुण गाएं,
जीवन दिया जो, उसका भी शुक्रिया ॥
करते हैं दादा, तेरा हर पल शुक्रिया..

जब से हैं देखी, तेरी ये मुरत,
आंखों में बस गई हैं तेरी ये सूरत ।
तेरा दर्शन मुझे मिला, मुरझाया फूल खिला,
नजरें जो दी है, उसका भी शुक्रिया ॥
करते हैं दादा, तेरा हर पल शुक्रिया..

हर पल जुबां पे, नाम हो तेरा,
तेरा गुणगान करना, काम हो मेरा ।
तेरा सुमिरन सदा करू, तेरा ही ध्यान धरु,
वाणी जो दी हैं, उसका भी शुक्रिया ॥
करते हैं दादा, तेरा हर पल शुक्रिया..

तेरी कृपा से, लगन ये लगी हैं,
सोई हुई तकदीर जगी हैं ।
तेरी भक्ति मुझे मिली, जीवन को राह मिली,
भक्ति जो दी हैं, उसका भी शुक्रिया ॥

Source:
https://www.bharattemples.com/karte-hai-dada-tera-har-pal-shukriya-khushiya-jo-di-hai-uska-bhi-sukhariya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw